## वरघोड़ा यात्रा निकाली

**हिण्डौन सिटी** । शहर में जैन समाज के गुरु सप्तशती राजेन्द्र सूरी के जन्मोत्सव और स्वर्गारोहण पर गुरुवार को वरघोडा यात्रा निकाली गई। शहर के वर्धमान नगर से शुरू हुई वरघोडा में तीन सुसज्जित घोड़ा बग्घियों में गुरु माता-पिता के स्वरूप की झांकी शामिल थी।

कई क्षेत्रों से होकर निकली वरघोड़ा यात्रा बेंड बाजे के साथ वरघोडा वर्धमान नगर, रेलवे ओवरब्रिज, मोहन नगर, जैन मंदिर रोड, जगदम्बा मार्केट होती हुई जैन स्थानक वर्धमान नगर पहुंची। इस दौरान काफी संख्या में जैन श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन से जुड़े पदमचन्द जैन, प्रेमचंद और शिवदत्त ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद की ओर से किया गया। उन्होंने बताया कि गुरु राजेन्द्र सूरी का जन्म और स्वर्गारोहण की तिथि 29 दिसंबर रही। उनके जीवन की यह संयोग तिथि को अविस्मरणीय बनाने के लिए यह आयोजन रखा गया। जिसमें सुबह कार्यक्रम में गुणानुवाद सभा, भक्ति संध्या आरती, मंगल वचन आयोजन हुए। जैन समाज की ओर से भक्ति और आस्था के साथ कई धार्मिक आयोजन किए गए।

# कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार व जंगलराज से आमजन परेशान : अरूण सिंह

**नादौती/करौली** (नि.स.)। कांग्रेस के शासन में प्रत्येक विधायक ही मुख्यमंत्री हैं, किसानो के कर्जा माफी का वादा भूल गए,किसानों को आत्महत्या करने के लिए इस सरकार ने मजबूर किया, कांग्रेस सरकार के कर्जा माफी के अभी तक 10 दिन पूरे नहीं हुए हैं।



नादौती में आयोजित भाजपा जनआक्रोश सभा में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ( बीच में )का माला पहनाकर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व सभा में उपस्थित आमजन।

टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र के नादौती मण्डल मुख्यालय पर आयोजित भाजपा की जनआक्रोश महासभा में जुटी भीड को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह एवं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी हरदेव सिंह पावटा,प्रदेश किसान मोर्चा के मंत्री अशोक सिंह धाबाई,पूर्व विधायक रमेश मीना,राजकुमारी जाटव,पूर्व विधायक बत्ती लाल मीणा,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,रामराज मीणा,राजेंद्र शेखपुरा शेर सिंह मीणा आदि ने कॉग्रेस सरकार की विफलताओ को जमकर उछाला।

महासभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार,जंगलराज व कुशासन से तंग आकर आने वाले विधानसभा चुनावों में जनता भाजपा को 180 से अधिक सीटें देगी। साथ ही यह भ्रांति भी टूटेगी की पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा राज्य में सरकार बनाएगी,क्योंकि आने वाले चुनावों में भाजपा सुशासन के चलते 20-25 वर्षो तक सरकार में रहेगी।मुकेश दाधीच ने कहा कि झूठों के बादशाह राहुल गांधी ने कर्जा माफी,बेरोजगारी भत्ता व युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की थी जो अभी तक नहीं हुई है। प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन से दुखी होकर किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

## सरकारी स्कूल में किया भूमि पूजन

**हिण्डौन सिटी** । पास सूरौठ के गांव धुरसी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 28.50 लाख की लागत से 3 कमरों के निर्माण की शुरुआत भूमि पूजन से हुई। इस मौके पर आचार्य द्वारा मन्त्रोच्चारण कराते हुए भूमि का पूजन कराया गया। जिसमें प्रधानाचार्य उमा उपाध्याय, व्याख्याता व सचिव एसडएमसी ओमवीरसिंह चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण शामिल हुए। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में कमरों की कमी के कारण विद्यार्थियों को अध्ययन कराने में काफी दिक्कतें हो रही थी। कमरों की आवश्यकता जताते हुए 3 कमरों के निर्माण की मांग शिक्षा विभाग अधिकारियों के समक्ष रखी गई। जिसमें निर्माण को लेकर शिक्षा विभाग की संस्था समसा, करौली ने 28.50 लाख रुपए स्वीकृत किए। राशि से 3 कमरे व एक बरामदे का निर्माण कार्य कराया जाएगा। विद्यालय में निर्माण कार्य की शुरुआत को लेकर विद्यालय समिति व ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों का आभार जताया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य उमा उपाध्याय, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामाधार इन्दोलिया, विनय शर्मा आदि ने मंत्रोंच्चारण के साथ भूमि पूजन किया।

## सार-समाचार

### सदस्यता अभियान की आज होगी समीक्षा

**करौली** (नि.स.) । बहुजन समाज पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए आज शुक्रवार को भगवान सिंह बाबा प्रदेश अध्यक्ष, प्रेम बारूपाल प्रदेश प्रभारी, विजय कुमार बैरवा प्रदेश प्रभारी प्रातः 11:00 बजे करौली सर्किट हाउस में पधार रहे हैं। उन्होने बताया की जिले के समस्त पदाधिकारी व चारों विधानसभाओं के पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा की जाएगी अतः समस्त जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी व चारों विधानसभा पदाधिकारीयों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं का आना अनिवार्य है। बसपा जिला अध्यक्ष जमना लाल जाटव ने चारो विधाानसभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से अवहान किया है।

### तिवारी डायरेक्टर निवार्चित

**भरतपुर** (निस)। दी भरतपुर अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, भरतपुर के डायरेक्टर पद पर रंजना तिवारी शर्मा को महिला वर्ग से निर्विरोध मंडल सदस्य चुना गया। दी भरतपुर अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, भरतपुर के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन, निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद्र शर्मा के सानिध्य में किया गया। जिसमें रंजना तिवारी शर्मा को दी भरतपुर अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, भरतपुर के संचालक मंडल सदस्य के रूप में महिला वर्ग से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं एवम संगठनों ने रंजना को बधाई दी एवं सम्मानित किया।

### जन्मोत्सव मनाया

**गंगापुर सिटी** । साहस, शौर्य एंव बलिदान की प्रतिमूर्ति गुरू गोविन्दसिंह का जन्मोत्सव गुरूवार को धूमधाम से बजरिया स्थित गुरूद्वारे में मनाया गया। इस अवसर पर गुरू गोविन्द सिंह की जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए अतिथियो ने बताया कि गुरू गोविन्द सिंह का जन्म पटना साहिब में हुआथा।

# सूरौठ सॉफ्ट हॉकी चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर

**सूरौठ** (निस)। राजस्थान सांफ्ट हांकी एसोसिएशन की ओर से सेंकणड ज्यूनिर व सीनियर सांफ्ट हांकी. स्टेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल नेशनल हाइवे 52 जगतपुरा चौमू जयपुर में आयोजित कि गई जिसमें बीकानेर बाड़मेर झुंझुनू जैतपुरा गंगानगर जयपुर करौली दौसा नागौर सहित दर्जनों टीमों ने भाग लिया जिसमें सीनियर और जूनियर सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता मे करौली जिले की सूरौठ तहसील के खिलाडियों ने चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सेकंड स्थान प्राप्त किया शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत व सांफ्ट हांकी संघ के कोषाध्यक्ष टीटी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि करौली जिले से सांफ्ट हांकी संघ के अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में टीमों को रवाना किया गया व खिलाडियों को कोच के द्वारा अथक मेहनत करवाकर करौली जिले की टीम को सांफ्ट हांकी के मैदान पर उतारा गया जिस पर टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग में सेमीफाइनल मुकाबला बाड़मेर व करौली के खेला गया जिसमें करौली जिले की टीम ने बाड़मेर को 1-0हराया ज्यूनिर वर्ग में सेमीफाइनल मुकाबला करौली व जयपुर सेंकणड की टीम के मध्य खेला गया जिसमें करौली टीम 5-0 से विजयी हुई करौली जिले की टीम का सीनियर व ज्यूनिर फाइनल मुकाबला जयपुर फर्स्ट के मध्य खेला गया जिसमें दोनों वर्गों में जयपुर टीम विजयी हुई करौली जिले की ओर से सीनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विवेक शर्मा व ज्यूनिर वर्ग में यश सिंघल व गौरव मीना को शील्ड देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर करौली टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । इस मौके पर प्रेमसिंह अमन मीना दीपक प्रजापत अर्जुन विवेक मीणा रक्षित ने अच्छा प्रदर्शन किया ।

## गौकशी के विरोध में सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी** । गुरूवार को सर्व समाज की महिलाओं ने मिनी सचिवालय पहुंच कर गत दिनो नगर परिषद के डंपिंग यार्ड में हुई गौकशी की घटना का विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम नायव तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में सर्व समाज की महिलाओ ने सरकार से दोषियो को कडी सजा दिलाने, दोषी अधिकारियो के खिलाफ कार्रवाही की मांग की। उन्होने ज्ञापन में बताया कि गौकशी की घटना से सर्व समाज में भारी आक्रोश है। गौकशी की घटना सर्व समाज व सनातन धर्म पर एक तमाचा है। उन्होने ज्ञापन में मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओ की पुनरावृति ना हो इसके पुख्ता प्रबंध किए जाए। गौकशी में शामिल शेष आरोपियो की गिरफ्तारी के साथ साथ दोषियो अधिकारियो के खिलाफ कडी कार्रवाही की जाए। ज्ञापन सौपने वालो में नगर की पूर्व सभापति संगीता बौहरा, कुसुम गुप्ता, सुषमा जैन, माया देवी शर्मा, नीलम जेन, प्रियंका शर्मा, रीना शर्मा, शीला प्रजापत, मेघा, सैकडो महिलाऐ मोजूद थे।

# पार्षद विष्णु मित्तल को मिली पुलिस सुरक्षा

**भरतपुर** (निस)। नगर निगम के वार्ड नंबर 34 से बीजेपी पार्षद विष्णु मित्तल से बदमाशों के द्वारा रंगदारी मांगने की जानकारी मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के द्वारा एहतियातन पार्षद को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

पार्षद विष्णु मित्तल ने पुलिस को बताया कि बदमाश ने फोन किया और कुछ देर बाद उनके पास चार बदमाश पहुंच गए। जिनके द्वारा उनसे मारपीट की। घटना के बाद एसपी श्याम सिंह ने पार्षद की सुरक्षा के लिए दो पुलिसकर्मी तैनात किए। नगर निगम के पार्षद विष्णु मित्तल ने बताया कि वह 14 दिसंबर को अपने फार्म हाउस पर था। उसके पास सुबह 11 बजे करीब वॉट्सऐप पर एक फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह विनोद पथैना बोल रहा है। वह पार्षद के हाल चाल जानने लगा। बात करने के बाद पार्षद ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद 4 बदमाश पार्षद विष्णु मित्तल के फार्म हाउस पर पहुंच गए। फार्म हाउस पर पार्षद अकेला था। चारों बदमाश आने के बाद फार्म हाउस की तलाशी लेने लगे। तलाशी लेने के बाद चारों बदमाश पार्षद के पास बैठ गए और 5 लाख रुपए देने की डिमांड करने लगे। जब पार्षद ने पैसे देने से मना किया तो उन्होंने पार्षद के एक थप्पड़ मार दिया और 4 लाख रुपए देने को कहा। पार्षद और बदमाशों के बीच 16 दिसंबर को 4 लाख रंगदारी देने की बात तय हो गई। पार्षद ने यह बात किसी को नहीं बताई। 16 दिसंबर को फिर से बदमाशों का फोन पार्षद के पास आया। जिसके बाद पार्षद ने एसपी श्याम सिंह को फोन कर सारी घटना के बारे में बताया। तब एसपी श्याम सिंह ने पार्षद को अपने ऑफिस बुलाया और सारी घटना जानने के बाद तुरंत दो पुलिसकर्मी पार्षद की सुरक्षा में लगा दिए। हालांकि अभी तक पार्षद की तरफ से पुलिस में कोई शिकायत नहीं दी।

## भक्त गंगापुर सिटी से अयोध्या जाएंगे

**गंगापुर सिटी**। हिंदू धर्म की आस्था का प्रमुख सबसे बड़ा केंद्र रामलला दरबार अयोध्या उत्तर प्रदेश के लिए गंगापुर सिटी से राम भक्त 1 जनवरी 2023 को रवाना होंगे।

गुरुवार को सीताराम जी मंदिर पुरानी अनाज मंडी में पंडित जी के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रभु श्री राम लक्ष्मण भगवान सीता मैया बजरंगबली के दर्शन कर प्रभु श्री राम जय सियाराम के जयकारों के साथ पैदल यात्रा के पोस्टर का गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विमोचन किया गया गंगापुर सिटी निवासी भुवनेश जागा ,नागेश जागा, गंगापुर सिटी से अयोध्या के लिए 650 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा करेंगे दोनों युवाओं के इस ऐतिहासिक निर्णय एवं अनुकरणीय पहल का सभी गौ भक्तों एवं राम भक्तों ने सराहनीय बताते हुए उनका भगवा दुपट्टा पहना करके अभिनंदन किया साथ ही जब तक भारत मां के अंदर ऐसे युवा है तब तक सनातन धर्म का झंडा हमेशा ऊंचा रहेगा ।

# भरतपुर में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा ब्राहमण धर्मशाला खिरनी घाट पर ब्राहमण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में खेल अधिकारी निरंजन सिंह की माताजी रूमाली देवी की तृतीय पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इं.जीवनलाल शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि महावीर सरपंच खोंकर, योगेश शर्मा लाला, भगवान सिंह लोधा, लाल सिंह सरपंच बहताना थे। सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया ने फूलों का हार पहनाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई। मॉ सरस्वती वंदना कवि डॉ. कृष्ण कन्हैया ने की। कवि डॉ.लोकेश शर्मा ने 'कावा न काशी में मिलेगा, मॉ जैसा तो बस मॉ में मिलेगा', रेणुदीप गौड ने 'धरती के बेटों से असली गौभक्ति जान', जयपाल सिंह करूण ने 'हार गये दस्तूर उसूलों पर चलकर', छीतर बाबा ने 'नई साल खुशहाल सभी को हों एक दूजे के प्यारे' चन्द्रभान फौजदार ने 'हर बात को तुम भूलो मगर माता को तुम ना भूलना', ओमप्रकाश कुंतल ने ने 'व्यर्थ ही करता दिखावा क्यों तीरथों में डोलता', सुघड सिंह सुग्गा ने 'चल रहा जो कर्मपथ पर अमर जग में है वही', नेकराम नेक ने 'मॉ ममता की खान है मॉ में बसते चारों धाम' राजेन्द्र अनुरागी ने 'शोषण मुक्ति मिले नारी को ऐसी उर में आस जगायें', आदि कवियों ने अपनी अपनी कविताएॅ पढी एवं सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये व दर्शकों ने खूब तालियां बटोरीं। इस कार्यक्रम में श्रीभान, दीपचंद पटवारी, गोपी चंद, आरव गुर्जर, लोकेश पीटीआई, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, रघुराज सिंह, विराट सिंह, योगेश गुर्जर, देशराज, शिवराम पहलवान, रूपन सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## चक्रेश तिवारी ने खिताब जीता

**भरतपुर** (निस)। शहर के चक्रेश तिवारी पुत्र दिनेश चंद्र शर्मा और अर्चना शर्मा ने नई दिल्ली में हो रहे एशियन फैशन वीक 2022 में शो स्टॉपर का खिताब जीता। ये एक इंटरनेशनल शो था, जिस्मे देश विदेश से आए मॉडल्स ने भाग लिया।

एशियन इंटरनेशनल फैशन वीक 2022 में एशियाई देशों ने भाग लिया जिसमें शोस्टॉपर में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, विशाल कोटियां, शाहिद अफरीदी के साथ भरतपुर के चक्रेश तिवारी जो की मॉडलिंग की दुनिया में डेनियल के नाम से मशहूर हैं वो भी सेलेब्रिटी डिज़ाइनर गौरव गुप्ता के लिए इंडिया को शाही मुगल थीम पे शोस्टॉपर के तौर पर रिप्रेजेंट किया।

चक्रेश तिवारी वर्ष 2018 बेस्ट मोडल ऑफ द ईयर और मिस्टर भारत भी रह चुके हैं। 2020 में इंटरनेशनल फैशन फेस्टिवल में विनर रह चुके है। चक्रेश तिवारी वर्तमान में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भरतपुर में कार्यरत है। चक्रेश ने शिलांग से बी टेक और एमबीए है.केल्विन क्लेन, नेटप्ले और अंतरराष्ट्रीय पत्रिका एलिमेंट्स एमटीवी के लिए काम कर चुके हैं।

# कृषि डिप्लोमा पाठ्यक्रम की जानकारी दी

**भरतपुर** (निस)। भारत सरकार के संस्थान मैनेज हैदराबाद द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं के कृषि संबंधी तकनीकी ज्ञानवर्धन के लिए कार्यालय परियोजना निदेशक आत्मा भरतपुर के माध्यम से डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स (देसी) पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई। परियोजना निदेशक आत्मा योगेश कुमार शर्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि भरतपुर जिले के 40 कृषि आदान विक्रेताओं का 48 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान 40 व्याख्यान प्रशिक्षण कक्ष में, तथा 8 व्याख्यान फील्ड में भ्रमण के दौरान व्यावहारिक जानकारी देने के लिए आयोजित किए जाएंगे इस अवधि में बीज, मिट्टी, उर्वरकों, पौध संरक्षण रसायनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के अंत में लिखित एवं मौखिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा और इसमें सफलता प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए हुए कृषि आदान विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में समय में बदलाव आ गया है और अब जरूरत है कि आदान विक्रेताओं द्वारा केवल कृषि आदानों का विक्रय ही नहीं किया जाए अपितु किसानों को खाद, बीज तथा कीटनाशकों के सही उपयोग की जानकारी भी किसानों को दी जाए ताकि किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन मिल सके और किसान भाई सफलतापूर्वक खेती कर लाभ अर्जित कर सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेती करना महंगा होता जा रहा है और कृषक कई बार जानकारी के अभाव में अनावश्यक रूप से उर्वरक, मंहगे बीज या अत्यधिक मात्रा में कीटनाशी का उपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आदान विक्रेताओं द्वारा आदानों की बिक्री के समय किसानों को उचित तकनीकी सलाह भी दी जानी चाहिए। उन्होंने आदान विक्रेताओं से आग्रह किया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को औपचारिक नहीं मानें और इसे पूरी गंभीरता से लें और उपस्थित रहकर विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली तकनीकी जानकारी को पूरा ध्यान लगाकर ग्रहण करें। उन्होंने आदान विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा कि किसानों को उचित और आवश्यक आदान की ही बिक्री करें यदि सभी आदान विक्रेताओं द्वारा इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लिया जाएगा तो उनकी तकनीकी जानकारी निश्चित रूप से बढ़ेगी और यह किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम कार्डीनेटर डॉ लक्ष्मण सिंह द्वारा पाठ्यक्रम की रूपरेखा बताई गई और आदान विक्रेताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थित रहने के लिए कहा गया।कृषि अधिकारी रोहित फौजदार ने सभी अतिथियों तथा प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया ।

## जन आक्रोश आमसभा आज

**गंगापुर सिटी** । भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी के चारों मंडलों गंगापुर शहर, ग्रामीण, वजीरपुर एवं तलावडा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अमरगढ चौकी में प्रदेश कांग्रेस सरकार के कुशासन भ्रष्टाचार एवं जंगलराज के खिलाफ प्रदेश भाजपा की ओर से विशाल जन आक्रोश सभा आयोजित की जाएंगी। जन आक्रोश यात्रा के विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि विशाल सभा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच होंगे अध्यक्षता पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर करेगें विशिष्ट अतिथि सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, सभापति शिवरतन गुप्ता, प्रधान मंजू गुर्जर होंगी। विशाल सभा की तैयारियों को लेकर भाजपाइयों ने तैयारीयों का जायजा लिया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी है। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि संपूर्ण किसान कर्जामाफी, लंबित भर्तियां, पेपर लीक,खनन माफिया, महिला सुरक्षा सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के खिलाफ आमजन में भारी अक्रोश है।

# शारीरिक शिक्षक संघ का अधिवेशन शुरू




भरतपुर में राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ का प्रान्तीय अधिवेशन सौनार हवेली में शुरू हुआ।

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ का प्रान्तीय अधिवेशन सौनार हवेली में शुरू हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहब सिंह वर्मा ने कहा कि विद्यालय में शारीरिक शिक्षक अनुशासन की धुरी होता है और अनुशासन से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफल हो पाता है।

प्रेमसिंह कुन्तल महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम प्रकोश्ठ (उपनिदेषक) ने कहा कि षारीरिक षिक्षक विद्यार्थी का शारीरिक मानसिक एवं नैतिक विकास करता है। इस विसर पर विषिश्ट अतिथि शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष हापूराम चौधरी ने शारीरिक षिक्षकों की ज्वलन्त समस्याओं पर प्रकाश डाला साथ ही प्रदेश मुख्य महामंत्री डॉ. रमेश इन्दौलिया ने कहा कि राजस्थान में षारीरिक षिक्षकों के द्वारा खेल मैदानों में कार्य के दौरान बहुत सी समस्याऐं आती है जिसका समाधान विभाग के द्वारा नितान्त आवश्यक है। आये हुए अतिथियों का जिलाध्यक्ष गंभीर सिंह ने स्वागत किया एवं जिलामंत्री गंगा सिंह ने आभार प्रकट किया। प्रदेष सम्मेलन से पुरे राज्य से षारीरिक षिक्षकों के द्वारा भाग लिया जा रहा है साथ ही खेल एवं खिलाडियों से सम्बन्धित एवं खेलों के विकास के लिए ज्वलन्त समस्याओं पर विचार विमर्श किया जा रहा है एवं ज्वलन्त समस्याओं पर राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेशित किया जायेगा।

## संजय बूटौलिया सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। जिला खटीक समाज समिति के जिला अध्यक्ष का चुनाव दुर्बलनाथ खटीक छात्रावास ब्रजनगर में निर्वाचक मण्डल छैल बिहारी किरार, जयप्रकाष सोलन्की, मनोज कुमार मल्होत्रा, धारा सिंह खितोलिया, डॉ. ब्रज मोहन महामना, रावेन्द्र खितोलिया, मनोज कुमार चंदेलन, राजवीर सिंह भदौरिया की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

जिसमें संजय बूटौलिया ने छोटे लाल किरार को 86 मतों से हरा कर विजय प्राप्त की। इस दौरान खटीक समाज में 1000 से अधिक लोग उपस्थित रहे और निवर्तमान अध्यक्ष मोहन सिंह सेजवाल, राकेष पचौरी, रमेष सेजवाल, राकेष वसबाल, सुगन चन्द तोसावडा, छोटे लाल पचौरी, विजय नावरिया, नन्द किशोर बसवाडा, तूफान सिंह, सतीष किरार, बॉबी बसवाल, संजय भारती, अनिल महामना आदि ने माला व साफा पहना कर दूसरी बार खटीक समाज के अध्यक्ष चुने जाने पर संजय बूटौलिया का स्वागत किया गया।

संजय बूटोलिया समाजका स्वागत सम्मान किया। संजय बूटोलिया पूर्व में नगर निगम के पार्शद रह चुके हैं।

# विद्युत कटौती से आमजन त्रस्त

**करौली** (नि.स.) इन दिनों जिला मुख्यालय पर बिजली की अघोषित कटौती के चलते आमजन तो त्रस्त है ही इनके अलावा परीक्षार्थियों की तैयारी पर संकट मंडरा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय पर विद्युत निगम के आला अधिकारी बैठे हुए हैं लेकिन बिजली की अघोषित कटौती की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिस अघोषित कटौती के चलते शहर का आमजन त्रस्त है साथ ही विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है मगर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।देखने लायक यह है कि जिला मुख्यालय पर विद्युत निगम के आला अधिकारियों की मनमानी पर जिला प्रशासन का अंकुश नहीं होने से शहर में बिजली की अघोषित कटौती आए दिन होती रहती है जिस कटौती के बारे में विद्युत निगम के एक छोटे से कर्मचारी से लेकर बडे अधिकारियों तक उपभोक्ता उनके मोबाइलों पर टेलीफोन करते हैं तो कोई भी कर्मचारी अधिकारी जवाब तक नहीं देता है।

इसके अलावा आए दिन गुलाब बाग फीडर,स्टेडियम फीडर,हिण्डौन गेट फीडर आदि की विद्युत सप्लाई ठप होती रहती है जिसके बारे में भी अधिकारी कर्मचारी उपभोक्ताओं को कोई जवाब तक नहीं देते हैं ना ही जानकारी देते हैं लोग अंधेरे में ही परेशान होते रहते हैं

गंभीरप्रद तो यह है कि विद्युत निगम के टोल फ्री नंबर पर लोग अपनी विद्युत खराब होने की सूचना देते हैं जिस सूचना के उपरांत भी कई घंटों तक कोई भी टोल फ्री पर मिली शिकायत को दुरस्त करने के लिए विद्युत निगम की गाडी नहीं पहुंचती है और बिना विद्युत सप्लाई चालू किए ही कागजों में चालू दर्शा दिया जाता है यही नहीं टोल फ्री नंबर से उपभोक्ता को संतोषप्रद जवाब भी नही मिलता है इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी उपभोक्ता शिकायत करते हैं जिसका भी उपभोक्ताओं को कोई संतोषप्रद जबाव नहीं मिलता है यह उपभोक्ताओं में आम चर्चा है जिसकी उपभोक्ताओं ने कई बार शिकायत भी की हैं लेकिन उपभोक्ताओं की कोई सुनने वाला नहीं है यहां तो जिला मुख्यालय पर अंधेर नगरी चौपट राजा कहावत चरितार्थ हो रही है।

## महालक्ष्मी की दिव्य पूजा अर्चना

**भरतपुर** (निस)। अग्रवाल भवन खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव पर आज पोषमास के तृतीय गुरूवार को महालक्ष्मी माता के श्रीविग्रह की पूजा अर्चना, हवन यज्ञ, अर्पण, पूर्ण आहूति का आयोजन हुआ। मंत्री विष्णु लोहिया ने वताया कि मंदिर प्रांगण में ऐश्वर्य की देवी माताश्री लक्ष्मी का अत्यन्त मनमोहक सोम्य रूप का श्रीविग्रह प्रतिष्ठित है जिसकी विधि विधान से दिव्य पूजा अर्चना गंध अस्त पुष्पों से एवं हवन यज्ञ प्रातः 9.15 बजे पं0प्रेमी शर्मा द्वारा जिला अग्रवाल महासभा महामंत्री हेमराज गोयल, परचून एवं किराना संघ के संरक्षक परषोत्तम डीगिया एवं भरतपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष भगवानदास बंसल के मुख्य आतिथ्य में माता को अर्पण की गयी।

हवन यज्ञ में वेद मंत्रों से आहूति दी गई एवं हीरा की चीज गोल में रखकर पूर्ण आहूति दी गई, फूल बंगला की सजावट कराई गई। पंडित प्रेमी शर्मा ने वताया कि लक्ष्मी माता के अनंत नाम और अनेक रूप हैं अगर हम अपने घर में ही सूक्ष्म दृष्टि से देखें तो घर की झाडू में, घर के सोने चांदी की चीजों में, रसोई अंदर दूध, घी में माता लक्ष्मी का वास होता है।

# गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया



हिण्डौन सिटी में गुरु गोविंद सिंह जी का 554 वां प्रकाश पर्व सिख समाज की ओर से गुरुवार को मनाया ।

**हिण्डौन सिटी** । गुरु गोविंद सिंह जी का 554वां प्रकाश पर्व हिंडोन में सिख समाज की ओर से गुरुवार को कई आयोजनों के साथ गुरु गोविंद सिंह का 554वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इस मौके पर राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती रोगियों और परिजनों को दूध और बिस्किट वितरित किए गए ।वही मोहन नगर स्थित जैन उपाश्रय में प्रोजेक्टर के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे के बलिदान पर बनी डेढ़ घंटे की मूवी भी दिखाई गई। फिल्म में मुगल शासक द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किए जाने पर गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों और परिवार द्वारा धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दिए जाने और जन्म गाथा का विवरण प्रस्तुत किया गया। गुरुद्वारों की विशेष सजावट मोहन नगर स्थित गुरुद्वारा के सचिव बलजीत सिंह सूरी ने बताया कि आज दीवान की विशेष साज सजावट की गई। सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। ज्ञानी जोगिंदर सिंह ने सुखमनी साहब का पाठ किया और महिलाओं शब्द कीर्तन गाए। ज्ञानी ने अरदास कर देश मे अमन, चैन और खुशहाली की कामना की। दोपहर बाद लंगर प्रसाद शुरू हुआ। गुरुद्वारा परिसर में विशेष सजावट भी की गई । इसकार्यक्रम में मनीष दीवान समेत काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।1 जनवरी तक अमृत बेला समागम आयोजन मोहन नगर स्थित गुरुद्वारा के सचिव बलजीत सिंह सूरी ने बताया गुरु गोविंद सिंह जी के 554वां प्रकाश पर्व को अमृत बेला समागम के रूप में मनाया जा रहा है।

## भजनों पर झूमें भक्त

**गंगापुर सिटी** । श्री राम कथा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री रामकथा के पांचवे दिन भगवान राम की बारात गाजे बाजे के साथ चौक वाले हनुमान जी से प्रारम्भ हुई। जिसमें धार्मिक भजनो पर महिला पुरूष श्रृद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा में राम सीता हनुमान दरवार, शिव परिवार, कृष्ण राधा सहित आधा दर्जन से अधिक सजीव झांकिया सभी का आकर्षण का केन्द्र रही। राम बारात के स्वागत में शहरवासियो ने पलक पावडे बिछा दिए। लोगो ने पुष्प वर्षा कर, जलपान करा कर राम बारात का भव्य स्वागत किया।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank

पंजाब एण्ड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय, जयपुर 30-31 मोहन टावर, विद्युत नगर, जयपुर 302021

निविदा सूचना

आंचलिक कार्यालय जयपुर के अंतर्गत शाखाओं के लिए भूतपूर्व सैनिक सशस्त्र गार्ड प्रदान करने के लिए निजी सुरक्षा एजेंसी के कार्य के लिए निविदा ।

बैंक, आंचलिक कार्यालय जयपुर के तहत अपने शाखाओं के लिए निजी सुरक्षा एजेंसियों के कार्य के लिए दो बोली प्रणाली ( तकनीकी / वित्तीय ) के तहत पूर्व सैनिक सशस्त्र गार्ड प्रदान करने के लिए सील बंद निविदाओं को आमंत्रित करता है । बोली "तकनीकी बोली" और "वित्तीय बोली" के रूप में चिह्नित कर लिफाफे पर "आंचलिक कार्यालय जयपुर के अंतर्गत शाखाओं के लिए भूतपूर्व सैनिक सशस्त्र गार्ड प्रदान करने के लिए निजी सुरक्षा एजेंसी के कार्य के लिए प्रस्ताव" का उल्लेख करते हुए अलग-अलग सीलबंद कवरों में होनी चाहिए और निविदाएं पंजाब एण्ड सिंध बैंक, आंचलिक कार्यालय, जयपुर, 30-31 मोहन टावर, प्रिंस रोड, विद्युत नगर ,अजमेर रोड, जयपुर-302021 पर दिनांक 18.01.2023 सांयकाल 05.00 बजे तक प्राप्त हो जानी चाहिए । अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाईड www.punjabandsindbank.co.in पर जाएं ।

दूरभाष :- 0141-2358628,2358350

आंचलिक प्रबंधक ( पंजाब एण्ड सिंध बैंक )